AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# कुमार विश्वास व मालिनी अवस्थी सजाएंगे महफिल

## लखनऊ विश्वविद्यालय 19 से 25 नवंबर तक धूमधाम से मनाएगा शताब्दी समारोह, अनूप जलोटा भी मंच पर देंगे प्रस्तुति

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय अपना शताब्दी वर्ष समारोह धूमधाम से 19 से 25 नवंबर तक आयोजित करेगा। कोरोना के चलते जहां अभिनेता अनुपम खेर व कई अन्य कलाकार ऑनलाइन प्रस्तुति देंगे, वहीं युवा कवि कुमार विश्वास, अनूप जलोटा, डीजे नारायन, पद्मश्री मालिनी अवस्थी, यतीन्द्र मिश्रा, डॉ. कुमकुम धर आदि मंच पर आकर प्रस्तुति देंगे। मुख्य समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक व यूजीसी चेयरमैन से भी संपर्क किया गया है। हालांकि अभी किसी की सहमति नहीं मिली है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व समारोह समन्वयक प्रो. निशी पांडेय ने बृहस्पतिवार को संयुक्त प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी।

प्रो. राय ने बताया कि एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम में शताब्दी पदयात्रा, आर्ट फेस्ट, साइंस फेस्ट, लिटरेरी फेस्ट समेत नुक्कड़ नाटक, हेरिटेज वॉक व स्पोर्ट्स प्रतियोगिता भी प्रतिदिन होगी। शहर के स्कूली बच्चों व युवाओं के लिए विवि एक सप्ताह खुला रहेगा। ताकि वे भी यहां आकर विवि की ऐतिहासिक धरोहर, इमारत व म्यूजियम देख सकेंगे।

अन्य कार्यक्रमों के साथ 24 नवंबर को आकर्षण का केंद्र पूर्व छात्र अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन होगा। इसमें केरल के राज्यपाल समेत कई विशिष्ट पूर्व छात्र, जिसमें न्यायाधीश, राजनेता, ब्यूरोक्रेट उपस्थित होंगे जबकि कई ऑनलाइन जुड़ेंगे। इस दिन पूर्व कुलपति व शिक्षकों को भी आमंत्रित किया गया है। 25 को स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के साथ राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री व कई कैबिनेट मंत्री भी आमंत्रित हैं।

प्रो. राय ने बताया कि समारोह के सातों दिनों के कार्यक्रम का एक मुख्य अतिथि होगा। इस अवसर पर विवि अपना स्टैंप जारी करेगा। वहीं सिक्का भी जारी करने का प्रयास है। विवि पर आधारित 10-12 मिनट की डॉक्यूमेंट्री, विवि का अपना ऑडियो विजुअल एंथम भी रिलीज करने की तैयारी है। विवि के इतिहास से लेकर अब तक की यात्रा को बताने वाली कुछ किताबों का विमोचन भी होगा।

### मुख्य समारोह में पीएम, रक्षा मंत्री, शिक्षा मंत्री व यूजीसी के चेयरमैन आमंत्रित, विवि का जारी होगा स्टैंप, सिक्का भी जारी करने की तैयारी

कुमार विश्वास

मालिनी अवस्थी


अनूप जलोटा

### केंद्र को 100 व राज्य को 50 करोड़ का प्रस्ताव

कुलपति ने बताया कि शताब्दी वर्ष में और बेहतर कार्य व स्थायी कार्यों के लिए विवि ने केंद्र सरकार को 100 करोड़ और राज्य सरकार को 50 करोड़ का प्रस्ताव भेजा है। हालांकि अभी तक कहीं से कोई सकारात्मक परिणाम नहीं मिला है। लगातार बढ़ते विद्यार्थियों के कारण क्लास रूम व बिल्डिंग की जरूरत है। पुरानी बिल्डिंग के रखरखाव के लिए भी बजट चाहिए।

### अगले वर्ष भी साल भर होते रहेंगे आयोजन

प्रो. निशी पांडेय ने कहा कि चूंकि कोरोना के चलते शासन-प्रशासन की अनुमति के अनुसार ही कार्यक्रमों में लोगों की उपस्थिति होगी। इसलिए विद्यार्थी इस कार्यक्रम को पूरी तरह से एन्जॉय नहीं कर सकेंगे। इसीलिए अगले साल भी विवि समय-समय पर शताब्दी वर्ष के तहत आयोजन करता रहेगा।



### सात दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा

- **19 नवंबर :** शाम 5.30 बजे से मालिनी अवस्थी व यतीन्द्र मिश्रा की प्रस्तुति 'अवध की रोशन चौकी'।
- **20 नवंबर :** सुबह 8.30 बजे से स्पोर्ट्स फेस्ट, सुबह 9.30 बजे से साइंस फेस्ट, दोपहर 3 बजे से आर्ट फेस्ट, शाम 5.30 बजे सांस्कृतिक संध्या में श्री भारती कला केंद्र द्वारा राम लीला (बैलेट) का मंचन।
- **21 नवंबर :** सुबह 07 बजे फुटबॉल मैच, 9.30 बजे हेरिटेज वॉक, 10 बजे से साइंस फेस्ट, 10.30 बजे म्यूजियम भ्रमण, 12 बजे नुक्कड़ नाटक, 2.30 बजे से लिटरेरी फेस्ट में अनुपम खेर की ऑनलाइन प्रस्तुति, शाम 5.30 बजे से कुमकुम धर का कथक।
- **22 नवंबर :** शताब्दी वर्ष वॉक सुबह 7 बजे, 100 पलाश के पौधे का रोपण 8.30 बजे, हेरिटेज वॉक 9.30 बजे, साइंस फेस्ट 10 बजे से, म्यूजियम भ्रमण 11 बजे, नुक्कड़ नाटक 12 बजे, लिटरेरी इवेंट 2.30 बजे से, सांस्कृतिक संध्या में सलीम आरिफ द्वारा निर्देशित, गुलजार द्वारा लिखित प्ले पांशा की प्रस्तुति शाम 5.30 बजे से।
- **23 नवंबर :** हॉकी मैच 8.30 बजे से, हेरिटेज वॉक 9.30 बजे से, साइंस फेस्ट 10 बजे से, म्यूजियम भ्रमण 11 बजे से, लिटरेरी इवेंट 2.30 बजे से, प्रख्यात युवा कवि कुमार विश्वास द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति संध्या का आयोजन शाम 5.30 बजे से।
- **24 नवंबर :** एथलेटिक्स सुबह 6 बजे, हेरिटेज वॉक 9.30 बजे से, साइंस फेस्ट 10 बजे से, म्यूजियम भ्रमण 11 बजे से, नुक्कड़ नाटक 12 बजे से, लिटरेरी इवेंट दोपहर 2.30 बजे से, डीजे नारायण व अनूप जलोटा की प्रस्तुति एल्यूमिनाई संध्या में शाम 5.30 बजे से।
- **25 नवंबर :** लिटरेरी इवेंट सुबह 11.30 बजे से, स्थापना दिवस समारोह शाम 5.30 बजे से।

### लविवि : ओरिएंटेशन कार्यक्रम आज से

लखनऊ। लविवि में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम छह नवंबर से शुरू हो रहा है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय नव प्रवेशित विद्यार्थियों से ऑनलाइन जूम एप पर संवाद करेंगे। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन के अनुसार बीएससी मैथ का ओरिएंटेशन कार्यक्रम छह नवंबर को शाम 4 बजे से तो बीएससी बायो, बीसीए, बीवोक का शाम 5 बजे से होगा। बीकॉम ऑनर्स का ओरिएंटेशन कार्यक्रम सात नवंबर को शाम 4 बजे से, बीबीए का आठ नवंबर को दोपहर 3 बजे से तथा एलएलबी, बीवीए, बीएफए का शाम 4 बजे से और बीए व बीए ऑनर्स का शाम 5 बजे से होगा। इसके साथ ही नए सत्र में क्लासेज की भी शुरुआत हो जाएगी।

HINDUSTAN PAGE 8

# एलयू: कुलपति नए छात्रों के साथ आज से करेंगे संवाद

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष में दाखिला लेने वाले छात्रों के साथ कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय शुक्रवार से संवाद करेंगे। यह ओरियंटेशन कार्यक्रम 3 दिन तक चलेगा। कुलपति और विश्वविद्यालय के अन्य जिम्मेदार अधिकारी इस दौरान छात्रों के साथ संवाद करेंगे।

विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से गुरुवार को इसका कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉक्टर दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पहले दिन स्नातक के 4 पाठ्यक्रमों के छात्र छात्राओं के साथ कुलपति का संवाद होगा। कुलपति शाम 4 बजे बीएससी गणित में दाखिला लेने वाले छात्र छात्राओं से ऑनलाइन बात करेंगे। वही शाम 5 बजे बीएससी बायो, बीसीए और बी.वोक के छात्रों के साथ संवाद किया जाएगा। 7 नवंबर को बी कॉम और बीकॉम ऑनर्स का ओरियंटेशन कार्यक्रम होगा।

वहीं 8 नवंबर को बीबीए, एलएलबी, बीवीए और बीएफए, बीए और बीए ऑनर्स पाठ्यक्रम के छात्र छात्राओं के साथ कुलपति ऑनलाइन संवाद करेंगे। प्रवक्ता ने बताया कि इसका विस्तृत कार्यक्रम, जूम आईडी और पासवर्ड विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राएं वेबसाइट देख सकते हैं।

PIONEER PAGE 3

# लविविः शताब्दी वर्ष में मचेगा धमाल

## होंगे विविध कार्यक्रम, एक वर्ष तक रूबरू होंगे छात्र, अनुपम खेर, कुमार विश्वास, मालिनी अवस्थी, कुमकुम धर जैसे दिग्गज होंगे शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

आगामी 19 नवम्बर से लेकर 25 नवम्बर तक चलने वाले शताब्दी समारोह के कार्यक्रम औपचारिक तौर गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी कर दिया है। सात दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कोरोना काल में सीमित कार्यक्रम के आयोजन पर विवि के कुलपति प्रो आलोक राय ने कहा है कि शताब्दी वर्ष को एक सत्र के लिए विस्तारित किया जाएगा। जिससे परिस्थितियों के अनुकूल होने पर कैम्पस आने वाले स्टूडेंट्स विवि के बारे में जान सकें। विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने कहा कि कोविड 19 के चलते शताब्दी वर्ष समारोह के आयोजन नहीं हो सके। इसलिए विवि के 100 वर्ष पूरा करने के बाद भी कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहेंगे। कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी के आगमन के मसले पर उन्होंने कहा कि अभी कन्फर्मेशन नहीं मिला है। शताब्दी वर्ष समारोह की शुरुआत पद्मश्री मालिनी अवस्थी व कवि यतीन्द्र मिश्र की अवध की रोशन चौकी से होगी। सप्ताह भर चलने वाले इस समारोह में हर दिन मुख्य अतिथि के तौर पर बड़ी हस्ती शिरकत करेंगी। जिसमें बॉलीवुड कलाकार अनुपम खेर, युवा कवि कुमार विश्वास, केरल के गर्वनर सलीम आरिफ आदि शामिल होंगे। फिल्म अभिनेता अनुपम खेर वर्चुअल तौर पर शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि शताब्ददी वर्ष के दौरान विवि में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए स्टेट गवर्नमेंट को 50 करोड़ और सेंट्रल गवर्नमेंट को 100 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा गया है।

**डाक टिकट व सिक्के के लांचिंग की तैयारी**

कुलपति प्रो आलोक राय ने कहा कि शताब्दी वर्ष के अवसर पर विवि की तरफ से डाक टिकट व सिक्का जारी करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए डाक विभाग और भारत सरकार से प्रयास किया जा रहा है।

**रिलीज होगा एलयू का एंथमः** लखनऊ यूनिवर्सिटी अपना एक एंथम तैयार किया है जो कि शताब्दी समारोह पर रिलीज किया जाएगा। इसे स्टूडेंट्स गाते हुए नजर आएंगे। इसके अलावा एलयू अपनी एक पुस्तक का भी विमोचन करेगा। जिसमें एलयू का पूरा इतिहास समाहित होगा। इसके अलावा लखनऊ यूनिवर्सिटी की भविष्य में किये जाने वाले कार्यों का भी जिक्र होगा।

**24 नवंबर को एलुमिनाई मीटः**शताब्दी समारोह में 24 नवंबर को एलुमिनाई मीट का आयोजन किया जाएगा। जिसमें केरल के राज्यपाल आरिफ मोह मद शिरकत करेंगे। इस इवेंट को दो भागों में बांटा गया है। 24 नवंबर को अंडर 50 के एलुमिनाई आएंगे। वहीं दूसरे दिन 25 नवंबर को समारोह के अंतिम दिन 50 वर्ष से ऊपर व सभी एलुमिनाई शिरकत करेंगे।

**धरोहर का दर्जा दिलाने का प्रयासः**कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने बताया कि लखनऊ यूनिवर्सिटी को 100 वर्ष पूरे हो चुके हैं। यहां से पढ़कर बड़ी बड़ी हस्तियां निकल चुकी हैं। जिन्होंने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर याति प्राप्त की है। वहीं एलयू खुद अपने आप में एक धरोहर है इसलिए इसे हम एक धरोहर का दर्जा दिलाना चाहते हैं। इसका प्रस्ताव भी सरकार को भेजे जाने की तैयारी की जा रही है।वहीं शताब्दी समारोह केवल एलयू के स्टूडेंट्स तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि राजधानी के स्कूलों के बच्चों को भी यहां विजिट के लिए बुलाया जाएगा।

i-NEXT PAGE 6

# अवध की रोशन चौकी से 19 को होगी शताब्दी वर्ष समारोह की शुरुआत

PICS: DAINIK JAGRAN-I NEXT

**LUCKNOW (5 Nov, inext):** लखनऊ यूनिवर्सिटी के शताब्दी वर्ष समारोह की शुरुआत पद्मश्री मालिनी अवस्थी व कवि यतीन्द्र मिश्र की अवध की रोशन चौकी से होगी. सप्ताह भर चलने वाले इस समारोह में हर दिन मुख्य अतिथि के तौर पर बड़ी हस्ती शिरकत करेगी. सप्ताह भर चलने वाले समारोह के दौरान किस दिन कौन सा आयोजन होगा, इसका पूरा शेड्यूल एलयू प्रशासन ने जारी कर दिया है. शताब्दी वर्ष समारोह 19 नवंबर से लेकर 25 नवंबर तक चलेगा.


कार्यक्रमों की जानकारी देते वीसी प्रो. आलोक कुमार राय.

19 नवंबर से 25 नवंबर तक लखनऊ यूनिवर्सिटी मनाएगी अपना शताब्दी वर्ष समारोह

**एलयू का डाक टिकट**

एलयू शताब्दी वर्ष के अवसर पर अपना एक डाक टिकट जारी करेगा. इसके अलावा एलयू अपना एक सिक्का भी जारी करेगा. अगर सरकार से अनुमति मिल जाता है तो यह सिक्का जारी कर दिया जाएगा.

**24 को एल्युमिनाई मीट**

24 नवंबर को होने वाली एल्युमिनाई मीट में केरल के राज यपाल आरिफ मोहम्मद खान शिरकत करेंगे. 24 नवंबर को अंडर 50 के एल्युमिनाई आएंगे. वही 25 नवंबर को 50 वर्ष से ऊपर के एल्युमिनाई आएंगे.

**रूबरू मंच पर होंगी प्रस्तुति**

एलयू के रूबरू मंच पर व कैंपस पर बाहर के लोग भी प्रस्तुति दे सकते हैं. सांस्कृतिकि के तहत इस रॉक बैंड में एलुमिनाई को भी शामिल किया गया है. अन्य जगह के लिए वीसी से अनुमति ली जाएगी.

**शताब्दी वर्ष में यूनिवर्सिटी जारी करेगी डाक टिकट और एक सिक्का.**

**रिलीज होगा एलयू का एनथम**

लखनऊ यूनिवर्सिटी अपना एक एनथम तैयार किया है जो कि शताब्दी समारोह पर रिलीज किया जाएगा. वहीं एलयू अपनी एक पुस्तक का भी विमोचन करेगा. जिसमें एलयू का पूरा इतिहास समाहित होगा.

**धरोहर कहलाने का प्रयास**

वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि यहां से पढ़कर बड़ी बड़ी हस्तियां निकल चुकी हैं. वहीं एलयू खुद अपने आप में एक धरोहर है इसलिए इसे हम एक धरोहर का दर्जा दिलाना चाहते हैं. एलयू शताब्दी वर्ष के समारोह को अगले वर्ष तक चलाना चाहता है.

**ये हस्तियां होंगी शामिल**

राजनाथ सिंह – रक्षामंत्री
रमेश पोखरियाल – शिक्षा मंत्री
प्रो. डीपी सिंह – यूजीसी चेयरमैन
आनंदीबेन पटेल – गवर्नर
योगी आदित्यनाथ – सीएम
डॉ. दिनेश शर्मा – डिप्टी सीएम
आरिफ मो. खान – गवर्नर केरल
राजीव कुमार – उपाध्यक्ष नीति आयोग
राजीव कुमार – इलेक्शन कमिश्नर
अनूप जलोटा – भजन गायक
कुमार विश्वास – कवि
मालिनी अवस्थी – लोक गायिका

**स्कूली बच्चे करेंगे विजिट**

समारोह में राजधानी के स्कूलों के बच्चों को भी बुलाया जाएगा, शताब्दी वर्ष आयोजन के दौरान होने वाले दीक्षांत के लिए अभी गवर्नर की ओर से तारीख नहीं दी गई है. वहीं शताब्दी समारोह में पीएम मोदी के वर्चुअल रूप से शामिल होने पर भी संशय बरकरार है.

**किस दिन कौन सा कार्यक्रम**

**19 नवंबर-** शाम 5:30 बजे अवध की रौशन चौकी पर कार्यक्रम.

**20 नवंबर-** सुबह 8:30 बजे स्पोर्ट्स फेस्टिवल शुरू. सुबह 9:30 बजे साइंस फेस्टिवल शुरू. सुबह 10:30 बजे बॉलीबॉल मैच. दोपहर 3 बजे आर्ट फेस्टिवल का शुभारंभ, शाम 5:30 बजे रामलीला.

**21 नवंबर-** सुबह 7 बजे फुटबॉल मैच, 9:30 बजे हेरिटेज वॉक, 10:30 बजे म्यूजियम विजिट. 12 बजे नुक्कड नाटक, 02: 30 बजे, लिटरेरी इवेंटवर्चुअल इंटरफेस विद अनुपम खेर, शाम 5:30 बजे डॉ. कुमकुम धर की कथक प्रस्तुति.

**22 नवंबर-** सुबह 7 बजे सेंटीनियल वॉक, 8:30 बजे पलाश के 100 पौधों का रोपण. 9:30 हेरिटेज वॉक, 11 बजे म्यूजियम विजिट, 2:30 बजे लिटरेरी इवेंट, पांसा प्ले में सलीम आरिफ रहेंगे.

**23 नवंबर-** सुबह 8:30 बजे हॉकी मैच, 9:30 बजे हेरिटेज वॉक, 10 बजे म्यूजियम विजिट, 2:30 बजे लिटरेरी इवेंट, 05:30 बजे अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति संध्या पर कुमार विश्वास का कविता पाठ.

**24 नवंबर-** सुबह 6 बजे एथलेटिक, 9:30 बजे हेरिटेज वॉक, 10 बजे साइंस फेस्टिवल, 11 बजे म्यूजियम विजिट, 12 बजे नुक्कड नाटक, शाम 05:30 बजे एक शाम पूर्व छात्रों के नाम. इस दौरान डीजे नारायण और भजन गायक अनूप जलोटा प्रस्तुति देंगे.

**25 नवंबर-** शिक्षकों की ओर से काव्यपाठ.

**सिर्फ एक या दो करोड़ का खर्च**

शताब्दी वर्ष आयोजन के लिए एलयू ने सरकार को 50 करोड़ का प्रस्ताव भेजा था. वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि अभी आयोजन के लिए कहीं से कोई राशि प्राप्त नही हुई है. अगर 50 करोड़ की राशि प्राप्त होती है तो वह एक से दो करोड़ रुपये ही समारोह में खर्च करेंगे. बाकि पैसे कैंपस के जीर्णोद्धार में लगाया जाएगा.

**वीसी ने शताब्दी वर्ष की तैयारियों का लिया जायजा**

**LUCKNOW (5 Nov):** लखनऊ यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने गुरुवार को शताब्दी वर्ष की तैयारियों को लेकर एलयू परिसर का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने मुख्य बिल्डिंग में चल रहे मरम्मत के कार्य को देखा. इसके साथ ही समारोह के कार्यस्थल का भी वे जायजा लेने पहुंचे और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए . इसके अलावा प्रो. राय ने शताब्दी वर्ष समारोह के दौरान कैंपस में अलग अलग जगह होने वाले कार्यक्रम स्थल का भी जायजा लिया. ज्ञात हो कि शताब्दी वर्ष के अवसर पर एलयू में सौ बड़े बदलाव किए जा रहे हैं. जो निर्माण से जुड़े हैं. जैसे की गेट नंबर चार पर सिल्वर व ब्लैक से पेंट किया हुआ नया गेट, हजरतगंज की तरह यूनिवर्सिटी के बिल्डिंगों का कलर सहित कई निर्माण कार्य हो रहे हैं.

RASHTRIYA SAHARA PAGE 5

# पीएम की भी वर्चुअल उपस्थिति !

लखनऊ (एसएनबी)।19 नवंबर से शुरू होने वाले लखनऊ विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल रूप में शामिल हो सकते हैं, हालांकि लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के बाबत कुछ भी कहने से मना कर रहा है। शताब्दी वर्ष समारोह की शुरुआत युवा कवि यतीन्द्र मिश्र की अवध की रोशन चौकी से होगी।

बृहस्पतिवार को विवि के कुलपति प्रो. आलोक राय ने प्रशासनिक भवन के कमेटी हाल में पत्रकारों को बताया कि शताब्दी वर्ष समारोह 19 नवंबर से 25 नवंबर तक चलेगा। सप्ताह भर में हर दिन अलग-अलग मुख्य अतिथि होंगे। कुलपति ने बताया कि समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल, यूजीसी चेयरमैन प्रो. डी.पी. सिंह, राज्यपाल/कुलाधिपति आनंदीबेन, केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा, लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी, कुमकुम धर, भजन गायक अनूप जलोटा, कवि कुमार विश्वास, कवि यतीन्द्र मिश्र, अनुपम खेर, नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार तथा इलेक्शन कमिश्नर राजीव कुमार शामिल होंगे। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि आगन्तुकों के लिए विशेष पास जारी किए गए हैं, उनके द्वारा ही लोग प्रवेश पा सकेंगे।

लविवि का शताब्दी समारोह 19 से

**23 को कुमार विश्वास करेंगे काव्य पाठ**

**महोत्सव जैसा होगा नजारा, पत्र के जरिए ही मिलेगा प्रवेश**

**लखनऊ विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह के कार्यक्रमों का विवरण**

**19 नवंबर**
शाम 5:30 बजे अवध की रौशन चौकी पर कार्यक्रम होगा।

**20 नवम्बर**
सुबह 8:30 बजे स्पोर्ट्स फेस्टिवल का शुभारंभ।
सुबह 9:30 बजे साइंस फेस्टिवल का शुभारंभ।
सुबह 10:30 बजे वॉलीबॉल मैच।
अपराह्न तीन बजे आर्ट फेस्टिवल का शुभारंभ।
शाम 5:30 बजे रामलीला।

**21 नवम्बर**
सुबह सात बजे फुटबॉल मैच का शुभारंभ।
9:30 बजे हेरिटेज वॉक का शुभारंभ।
10:30 बजे म्यूजियम विजिट का शुभारंभ।
12 बजे नुक्कड़ नाटक।
02:30 बजे लिटरेरी इवेंट (वर्चुअल इंटरफेस विद अनुपम खेर)
शाम 5:30 बजे डा. कुमकुम धर की ओर से कथक की प्रस्तुति।

**22 नवम्बर**
सुबह 7 बजे सेंटीनियल वॉक, हेरिटेज वॉक।
8:30 बजे पलाश के 100 पौधों का रोपण।
9:30 बजे हेरिटेज वॉक।
11 बजे म्यूजियम विजिट।
2:30 बजे लिटरेरी इवेंट।
पांसा प्ले में सलीम आरिफ रहेंगे।

**23 नवम्बर**
सुबह 8:30 बजे से हॉकी मैच।
9:30 बजे से हेरिटेज वॉक।
10 बजे से म्यूजियम विजिट।
2:30 बजे लिटरेरी इवेंट।
05:30 बजे अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति संध्या पर कवि कुमार विश्वास काव्य पाठ करेंगे।

**24 नवम्बर**
सुबह 6 बजे एथलेटिक।
9:30 बजे हेरिटेज वॉक।
10 बजे साइंस फेस्टिवल।
11 बजे म्यूजियम विजिट।
12 बजे नुक्कड़ नाटक।
शाम 05:30 बजे एक शाम पूर्व छात्रों के नाम। डीजे नारायण और भजन गायक अनूप जलोटा प्रस्तुति देंगे।

**25 नवम्बर**
विवि के शिक्षकों की ओर से काव्यपाठ।

TOI PAGE 2

# Treehouse installation at LU to depict Covid crisis

Mohita.Tewari
@timesgroup.com

Manoj Chhabra

The treehouse can accommodate 10 people and depicts distancing. Along with uniform signboards, it is part of the campus makeover

**Lucknow:** A treehouse depicting the tough Covid-19 crisis times, a glittering black and silver entrance gate and uniform signboards are among the striking features added in the campus makeover being done to mark 100 years of Lucknow University.

The LU authorities are bedecking both old and the second campus for the grand centenary year celebrations.

Enter from any gate, you will see 'University of Lucknow' written in silver on black, both in Hindi and English, to welcome you. And now, no new student or guest will find it difficult to locate departments or the administrative block as new shining stylish signboards have been put up at various spots.

The special highlight of the makeover is the 'treehouse' in the faculty of fine arts, made by present and former students.

Made from grass, broken and extra branches of trees, this treehouse in front of the sculpture department can accommodate 10 people.

"With a height of around eight-foot, this house has two men, one on the treetop and the other sitting downstairs and talking to each other, depicts interaction among people in the Covid-19 period while maintaining social distancing with each other," said former student Ajay Kumar, who is now a guest lecturer CSJM University, Kanpur.

**100 YEARS LUCKNOW UNIVERSITY**

"The idea to make this installation was of Prof Dharmendra Kumar of the sculpture department. We took around 20 days to complete it and make our campus look beautiful in its centenary year. Arts College or the fine arts faculty is the only one in the state to have a treehouse now," he added.

The university is decorating the campus and to highlight its Indo-Saracenic architecture it is putting up LED lights on the freshly painted buildings.

Among the features still coming up is the beautification of the pathways on the campus with live flowering plants instead of artificial decor.

The green carpeting of the historical 'Canning College' by removing the non-functional broken basketball court is adding more life to the campus. The view of an organic farm with vegetables like turnip, spinach, and cabbages growing in it makes the campus even more special.

NBT PAGE 6

# सिक्के और डाक टिकट से झांकेगा एलयू का इतिहास

## एलयू ने जारी किया शताब्दी वर्ष समारोह कार्यक्रम का शेड्यूल

■ एनबीटी,लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष समारोह की शुरुआत पद्मश्री मालिनी अवस्थी व कवि यतीन्द्र मिश्र की अवध की रोशन चौकी से होगी। सप्ताह भर चलने वाले इस समारोह में हर दिन मुख्य अतिथि के तौर पर बड़ी हस्ती शिरकत करेगी। जिसमें वरिष्ठ कलाकार अनुपम खेर, युवा कवि कुमार विश्वास, सलीम आरिफ आदि शामिल होंगे। सप्ताह भर चलने वाले समारोह के दौरान किस दिन कौन सा आयोजन होगा, इसका पूरा शेड्यूल एलयू प्रशासन ने जारी कर दिया है। ये जानकारी कुलपति प्रो. आलोक राय गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में दी। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने वताया कि समारोह 19 नवंबर से लेकर 25 नवंबर तक चलेगा। सप्ताह भर चलने वाले इस कार्यक्रम में हर दिन अलग-अलग मुख्य अतिथि होंगे।

एलयू के कुलपति प्रो. आलोक राय ने दी कार्यक्रम की जानकारी।

**एलयू ने तैयार किया अपना एनथम**

एलयू शताब्दी वर्ष के अवसर पर अपना एक डाक टिकट जारी करेगा। इसके अलावा एलयू अपना एक सिक्का भी जारी करेगा। एलयू एक अपना एनथम तैयार किया गया है जोकि शताब्दी समारोह पर रिलीज किया जाएगा। इसके अलावा एलयू अपनी एक पुस्तक का भी विमोचन करेगा। जिसमें एलयू का पूरा इतिहास समाहित होगा।

**रूबरू मंच पर देगा प्रस्तुति**

लखनऊ विश्वविद्यालय का रूबरू बैंड शताब्दी समारोह में प्रस्तुति दे सकता है। इकोनॉमिक्स की डॉ. रोली मिश्रा ने बताया कि रूबरू का बैंड फिलहाल मंच पर प्रस्तुति देगा, अन्य जगह के लिए कुलपति से अनुमति ली जाएगी।

**लिया तैयारियों का जायजा**

एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने गुरुवार को शताब्दी वर्ष की तैयारियों को लेकर एलयू परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने एलयू में चल रहे मरम्मत के कार्य को देखा। समारोह के कार्यस्थल का भी जायजा लेने पहुंचे और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उनके साथ डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन, आईपीपीआर निदेशक डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव समेत तमाम प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

**50 करोड़ में मात्र दो करोड़ ही खर्च करेगा एलयू**

शताब्दी वर्ष के आयोजन के लिए एलयू प्रशासन ने सरकार को 50 करोड़ का प्रस्ताव भेजा था। एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि अभी एलयू को आयोजन के लिए कहीं से भी कोई धनराशि प्राप्त नहीं हुई है। साथ ही कुलपति ने कहा कि एलयू को अगर 50 करोड़ की धनराशि प्राप्त होती है तो वह केवल एक से दो करोड़ रुपये ही समारोह में खर्च करेंगे। बाकि का बचा हुआ पैसे वह अपने कैंपस के जीर्णोद्धार में लगाएंगे।

**समारोह में ये शख्सीयतें होंगी शामिल**

कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बताया कि विवाह समारोह में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, शिक्षामंत्री रमेश पोखरियाल, यूजीसी चेयरमैन प्रो. डीपी सिंह, राज्यपाल/कुलाधिपति आनंदीबेन, केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा, भजन गायक अनूप जलोटा, नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार, इलेक्शन कमिश्नर राजीव कुमार शामिल होंगे।

रोक के बाद भी एलयू कैम्पस और आसपास छात्र नेताओं के पोस्टर और होर्डिंग लगे हुए हैं।

**जानिए, कब क्या होगा**

**19 नवंबर**
शाम 5:30 बजे अवध की रोशन चौकी पर कार्यक्रम होगा।

**20नवंबर**
सुबह 8:30 बजे :स्पोर्ट्स फेस्टिवल का शुभारंभ।
सुबह 9:30 बजे साइंस फेस्टिवल का शुभारंभ
सुबह 10:30 बजे वॉलीबॉल मैच
दोपहर 3 बजे आर्ट फेस्टिवल का शुभारंभ
शाम 5:30 बजे रामलीला

**21 नवंबर**
सुबह 7 बजे फुटबॉल मैच का शुभारंभ
9:30 बजे हेरिटेज वॉक का शुभारंभ
10:30 बजे म्यूजियम विजिट का शुभारंभ
12 बजेः नुक्कड़ नाटक
02:30 बजेः लिटरेरी इवेंट वर्चुअल इंटरफेस विद अनुपम खेर
शाम 5:30 बजेः डॉ कुमकुम धर की ओर से कथक की प्रस्तुति।

**22 नवंबर**
सुबह 7 बजेः सेंटीनियल वॉक
हेरिटेज वॉक-8:30 बजेः पलाश के 100 पौधों का रोपण
9:30 बजे हेरिटेज वॉक
1:00 बजे म्यूजियम विजिट
2:30 बजे लिटरेरी ईवेंट-पांसा प्ले में सलीम आरिफ रहेंगे

**23 नवंबर**
सुबह 8:30 बजे से हॉकी मैच
9:30 बजे से हेरिटेज वॉक
10 बजे से म्यूजियम विजिट
2:30 बजे लिटरेरी ईवेंट
05:30 बजे अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति संध्या पर कवि कुमार विश्वास का काव्य पाठ

**24 नवंबर**
सुबह - 6 बजे एथलेटिक
9:30 बजे हेरिटेज वॉक
10 बजे : साइंस फेस्टिवल
11 बजे म्यूजियम विजिट
12 बजे नुक्कड़ नाटक
शाम 05:30 बजेः एक शाम पूर्व छात्रों के नाम। डीजे नारायण और भजन गायक अनूप जलोटा की प्रस्तुति

**25 नवंबर**
विश्वविद्यालय के शिक्षकों की ओर से काव्यपाठ।

SAMRIDDHI NEWS PAGE 3

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गुलजार होगा एलयू का शताब्दी वर्ष, जुटेंगे दिग्गज

प्रेसवार्ता करते कुलपति प्रो. आलोक राय व प्रो. निशी पाण्डेय

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ विश्वविद्यालय के स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर विश्वविद्यालय इस अवसर को भव्य और यादगार बनाने के लिए भरपूर मेहनत कर रहा है। इसी सिलसिले में गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में शुमार लखनऊ विश्वविद्यालय अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है।

इस अवसर पर हम सांस्कृतिक और साहित्यिक कार्यक्रमो का भी आयोजन करने जा रहे हैं। यह आयोजन 19 नवम्बर से शुरू होकर 25 नवम्बर तक जारी रहेगा। इस दौरान साहित्यए संस्कृति, विज्ञान, और फिल्मी दुनिया से जुड़े हुए कलाकारों का जमावड़ा लगेगा। कुलपति ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि के तौर पर हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निमंत्रण भेजा है।

हालांकि अभी तक उनकी तरफ से कोई औपचारिक सहमति नहीं मिली है। एक हफ्ते तक चलने वाले सांस्कृतिक सप्ताह में नाटक का मंचन, खेल प्रतियोगिता, हेरिटेज वॉक, साइंस फेस्टिवल समेत तमाम कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। प्रो. राय ने बताया कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति संध्या का आयोजन किया गया है जिसमें प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास अपनी वाणी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। वहीं फिल्म कलाकार अनुपम खेर लिटरेरी फेस्ट का वर्चुअली उद्घाटन करेंगे। 22 नवम्बर को लेखक गुलजार द्वारा लिखे गए नाटक 'पांसा' का मंचन सलीम आरिफ के निर्देशन में किया जाएगा।

**यह होंगे अतिथि के तौर पर शामिल**

प्रेस वार्ता में कुलपति आलोक कुमार राय ने स्थापन दिवस पर शामिल होने वाले कुछ अतिथियों के नाम सार्वजनिक किए हैं। उन्होंने बताया उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान जो कि लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हैं। उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्माए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कानून मंत्री बृजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री महेंद्र सिंह, नगर विकास मंत्री आशुतोष टण्डन, महिला कल्याण एवं बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार राज्यमंत्री स्वाति सिंह समेत लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों को निमंत्रण दिया गया है।

**कार्यक्रम की सूची**

- **19 नवम्बर,** अवध की रोशन चौकी पद्मश्री मालिनी अवस्थी, यतीन्द्र मिश्रा, शाम 5:30
- **20 नवम्बर,** स्पोर्ट फेस्टिवल प्रातः 8:30, साइंस फेस्टिवल प्रातः 9:30, आर्ट फेस्टिवल सांय 3 बजे, रामलीला सांय 5:30,
- **21 नवम्बर,** हेरिटेज वॉक प्रातः 7:00, म्यूजियम इनॉग्रेशन प्रातः 9:30, नुक्कड़ नाटक 12:00
- **22 नवम्बर,** सेंटिनियल वॉक प्रातः 7:00 बजे, पांसा नाटक सांय 5:30,
- **23 नवम्बर,** अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति संध्या सांय 5:30
- **24 नवम्बर,** एलुमनाई ईवनिंग में डीजे नारायण एवं अनूप जलोटा का कार्यक्रम सांय 5:30
- **25 नवम्बर,** लिटरेरी इवेंट (मालवीय सभागार) प्रातः 11:30, स्थापना दिवस 5:30

VISHWAVARTA PAGE 2

# मालिनी अवस्थी के कार्यक्रम से होगा लविवि शताब्दी समारोह का आगाज

» 19 नवम्बर से शुरू होगा लविवि स्थापना दिवस शताब्दी वर्ष समारोह
» पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के नाम होगी काव्य संध्या

विश्ववार्ता संवाददाता

लखनऊ। विश्वविद्यालय स्थापना शताब्दी वर्ष समारोह का आगाज लोक गायक पद्मश्री मालिनी अवस्थी और यतीन्द्र मिश्रा के 'अवध की रौशन चौकी' से शाम 5. 30 बजे होगा।

इसके बाद प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा खेल-कूद के कार्यक्रम होंगे। साथ ही साइंस और आर्ट प्रदर्शनी, हैरिटेज एवं शताब्दी वाक सहित लिटरेरी इवेंट, लखनऊ की किस्सागोई और नुक्कड़ नाटक का मंचन भी होगा। इसके अलावा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के नाम पर काव्य संध्या और अन्तरराष्ट्रीय पूर्व छात्र सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा। समारोह में कुमकुम धर, अनूपम खेर और कुमार विश्वास के कार्यक्रम भी होंगे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने अपने सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए एक सप्ताह तक चलने वाले शताब्दी वर्ष समारोह की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि 19 से 25 नवम्बर तक विभिन्न कार्यक्रम होंगे। पहले दिन लोक गायिका मालिनी अवस्थी एवं यतीन्द्र मिश्रा 'अवध की रौशन चौकी' कार्यक्रम होगा। दूसरे दिन खेल महोत्सव की शुरूआत होने के साथ ही साइंस एवं आर्ट फेस्टिवल का आगाज होगा। वहीं शाम को रामलीला बैले का मंचन होगा। उन्होंने कहा कि विवि के पास कई प्राचीन धरोहर हैं। इसको ध्यान में रखते हुए हेरिटेज वॉक का आयोजन 21 नवम्बर को किया गया है।

प्राचीन भारतीय इतिहास के अध्यक्ष इस वॉक का नेतृत्व करेंगे। इसी दिन लिटरेरी इवेंन्ट की शुरूआत होगी। इसका उदघाटन अनूपम खेर के लखनऊ की किस्सा गोई कार्यक्रम से होगा। वहीं डॉ. कुमकुम धर का कथक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि 22 नवम्बर को शताब्दी पद यात्रा होगी। इसमें विवि के शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी शामिल होंगे। सलीम आरिफ के 'पासा' नाटक का मंचन किया जाएगा। वहीं 23 नवम्बर को हॉकी मैच के अलावा प्रमुख कार्यक्रम कुमार विश्वास का पूर्व प्रधानमंत्री के अटल बिहारी बाजपेयी के नाम काव्य संध्या सम्पन्न होगी। 24 नवम्बर को प्रमुख रूप से पूर्व छात्र संध्या का आयोजन किया है। इसमें अनूप जलोटा और डीजे नारायण के कार्यक्रम भी होंगे। कुलपति ने बताया कि इस कार्यक्रम में केरल के राज्यपाल और उत्तर प्रदेश के छह मंत्री शामिल होंगे। अधिकांश लोगों ने वर्चुअल ही छात्र संध्या में भाग लेंगे।

**चार म्यूजियम स्कूल के विद्यार्थियों के लिए खुले होंगे**

कुलपति प्रो. आलोक राय ने बताया कि इस अवसर पर प्राचीन भारतीय इतिहास, भूगर्भ शास्त्र, ज्योलॉजी और मानव शास्त्र विभाग के म्यूजियम खोले जाएंगे। इसको शहर के स्कूल कॉलेज के विद्यार्थी देख सकेंगे। आम लोगों के लिए भी खुला रहेगा, लेकिन कोविड के प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि म्यूजियम से सम्बन्धित वीडियो भी वेबसाइट पर मौजूद रहेगा। ताकि जो लोग नहीं आ सकते हैं वह अपने घर पर बैठे ही इसको जान सकें। विवि पर एक डाक्यूमेंट्री भी बनाई जा रही है। कई पुस्तकों का विमोचन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शताब्दी समारोह के लिए प्रधानमंत्री को बुलाने का प्रयास जारी है।

HINDUSTAN PAGE 8

## विश्वविद्यालय के नाम से डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया जाएगा, 19 से 25 नवम्बर के बीच होंगे आयोजन

# अवध की रोशन चौकी से मालिनी करेंगी समारोह का आगाज

**लविवि**

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष समारोह का आगाज पद्मश्री मालिनी अवस्थी और कवि यतीन्द्र मिश्र के सुरों के साथ होगा। वह अवध की रोशन चौकी से अपने सुरों का जादू बिखेरेंगे।

विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से गुरुवार को शताब्दी समारोह की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। 19 से 25 नवम्बर के बीच इसका आयोजन किया जाएगा। सात दिन तक चलने वाले समारोह में ज्ञान, विज्ञान, कला, साहित्य का अद्भुत मिलन देखने को मिलेगा। यहां दुनिया भर में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र भी जलवा बिखेरेंगे।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि अनुपम खेर, युवा कवि कुमार विश्वास, सलीम आरिफ जैसे जाने माने कलाकार समारोहा की शोभा बढ़ाएंगे।

लखनऊ विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष समारोह का आगाज वरिष्ठ लोक गायिका मालिनी अवस्थी अपनी आवाज से करेंगी।

**डॉक टिकट**

कुलपति ने बताया कि इस मौके पर लखनऊ विश्वविद्यालय के नाम पर एक डाक टिकट जारी किया जाएगा। इसके अलावा, शताब्दी वर्ष पर एक सिक्का भी जारी किए जाने का प्रयास है। विश्वविद्यालय गीत जारी होगा। विश्वविद्यालय के 100 साल के इस सफर पर पुस्तक, कॉफी टेबल बुक, 10 से 12 मिनट की एक डॉक्यूमेंट्री भी जारी करने की तैयारी हो रही है।

**सम्मान**

समारोह में 24 और 25 नवम्बर पूर्व छात्रों के नाम होगा। 24 को पूर्व छात्र सम्मेलन होगा। इसमें, केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद शिरकत कर सकते हैं। कुलपति ने बताया कि समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल समेत कई हस्तियां शामिल होंगी।

**ये कार्यक्रम होंगे**

- **19 नवंबरः** शाम 5 :30 बजे अवध की रौशन चौकी पर कार्यक्रम होगा।
- **20 नवंबरः** सुबह 8 :30 बजे स्पोर्ट फेस्टिवल, 9 :30 बजे साइंस फेस्टिवल,10 :30 बजे वॉलीबॉल मैच, शाम 5 :30 बजे रामलीला
- **21 नवंबरः** सुबह 7 बजे फुटबॉल मैच, 9 :30 बजे हेरिटेज वॉक, 10 :30 बजे म्यूजियम विजिट,12 बजे नुक्कड़ नाटक, 2 :30 बजेः लिटरेरी इवेंट वर्चुअल इंटरफेस विद अनुपम खेर, शाम 5 :30 बजेः डॉ कुमकुम धर की कथक प्रस्तुति
- **22 नवंबरः** सुबह 7 बजेः सेंटीनियल वॉक, पलाश के100 पौधों का रोपणः 9 :30, म्यूजियम विजिट : 2 :30 बजे, लिटरेरी इवेंट प्ले में सलीम आरिफ
- **23 नवंबरः** सुबह 8 :30 बजे हॉकी मैच, 9 :30 बजे हेरिटेज वॉक, 5 :30 बजे अटल स्मृति संध्या पर कुमार विश्वास काव्य पाठ करेंगे।
- **24 नवंबरः** सुबह 6 बजे एथलेटिक, 10 बजे : साइंस फेस्टिवल, शाम 5 :30 बजेः एक शाम पूर्व छात्रों के नाम। डीजे नारायण और अनूप जलोटा प्रस्तुति देंगे।
- **25 नवंबरः** विश्वविद्यालय के शिक्षकों की ओर से काव्यपाठ।

वर्चुअल इंटरफेस विद अनुपम खेर होगा।